# <u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

**दिनाँक 29.08.2023**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## थाना खीरी पुलिस द्वारा, चोरी की मोटर साईकिल के साथ अवैध तमंचा बरामद करके 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री/परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29.08.2023 को थाना खीरी पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तों 1. शिवपूजन पुत्र अमर सिंह नि0 ग्राम दोनवा थाना लहरपुर जिला सीतापुर हाल पता ग्राम ढखिया थाना व जिला खीरी 2.दयाराम उर्फ मंत्री पुत्र बाबूराम नि0 ग्राम देवरिया थाना व जिला खीरी को मय 01 अदद मोटर साइकिल बजाज प्लेटिना बिना नम्बर की व अभि0 दयाराम से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व अभि0 शिवपूजन को एक अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा के लिए मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:</u>**

1.शिवपूजन पुत्र अमर सिंह नि0 ग्राम दोनवा थाना लहरपुर जिला सीतापुर हाल पता ग्राम ढखिया थाना व जिला खीरी
2.दयाराम उर्फ मंत्री पुत्र बाबूराम नि0 ग्राम देवरिया थाना व जिला खीरी

**<u>आपराधिक इतिहास</u>**

मु0अ0सं0 0385/2023 धारा 41 द0प्र0सं0 411 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः</u>**

1.उ0नि0 अशोक कुमार यादव थाना व जिला खीरी
2.का0 सुभम थाना व जिला खीरी
3.का0 सुधीर कुमार थाना व जिला खीरी

# थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, विभिन्न अभियोगों में 02 नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29.08.2023 को थाना ईसानगर पुलिस द्वारा मु0नं0 785/11 अ0सं0 176/91 धारा 147/148/149/324/325/506 भादवि में वारंटी अभियुक्त इन्द्रत्त पुत्र चन्द्रशेखर व वाद सं0 3266/17 अ0सं0 321ए-98 धारा 324/506/427 भादवि में वारंटी अभियुक्त सोनेलाल पुत्र बच्चूलाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का विवरण-**

1-इन्द्रत्त पुत्र चन्द्रशेखर नि0 ग्राम कस्बा ईसानगर जनपद खीरी
2-सोनेलाल पुत्र बच्चूलाल नि0 ग्राम रुद्रपुर थाना ईसानगर जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1-उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी
2-का0 अंकित राठी

# थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, महिलाओ का अपहरण करने वाले अभियुक्त/अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29.08.2023 को थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा ग्राम छिछौना से महिलाओ का अपहरण करने वाले अभियुक्त/अभियुक्ता 1.छोटे सोनी पुत्र वेदप्रकाश सोनी 2.सीमा सोनी पत्नी छोटे सोनी निवासीगण राधिकापुरी थाना रामकोट जनपद सीतापुर 3.चांदनी सोनी पत्नी अमित सोनी टिसुआ थाना फरीदपुर जनपद बरेली 4.कल्लू सोनी पुत्र अनिल सोनी निवासी छिछौना थाना हैदराबाद खीरी सम्बन्धित मु0अ0सं0 352/2023 धारा 365 भा0द0वि0 थाना हैदराबाद खीरी को भीखमपुर चौराहे से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया तथा घटना मे प्रयुक्त वाहन बोलेरो रजि0न0 UP 34 BD 5328 को मय अपर्हता रागिनी पुत्री रामचन्द्र सोनी तथा मोनिका पत्नी विजय नि0गण ग्राम छिछौना थाना हैदराबाद जिला खीरी के सकुशल बरामद किया गया। अभियुक्त/अभियुक्ता उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

**नाम पता गिरफ्तार वांछित अभियुक्त/अभियुक्ताः-**

1.छोटे सोनी पुत्र वेदप्रकाश सोनी निवासी राधिकापुरी थाना रामकोट जनपद सीतापुर
2.कल्लू सोनी पुत्र अनिल सोनी निवासी छिछौना थाना हैदराबाद खीरी
3.सीमा सोनी पत्नी छोटे सोनी निवासी राधिकापुरी थाना रामकोट जनपद सीतापुर
4.चांदनी सोनी पत्नी अमित सोनी टिसुआ थाना फरीदपुर जनपद बरेली

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0सं0 352/2023 धारा 365 भा0द0वि0 थाना हैदराबाद जिला खीरी।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1.उ0नि0 श्री कुलदीप सिंह थाना हैदराबाद जिला खीरी।
2.का0सिकन्दर यादव थाना हैदराबाद जिला खीरी।
3.का0 अंकित कुमार थाना हैदराबाद जिला खीरी।
4.का0 तरुण कुमार थाना हैदराबाद जिला खीरी।
5.म0आ0 संगीता रानी थाना हैदराबाद जिला खीरी।

# **“मिशन शक्ति” अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, जागरुकता एवं सामुदायिक पहुँच हेतु गोष्ठी का आयोजन**










पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में “मिशन शक्ति” अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद खीरी के समस्त थानों पर गठित एन्टीरोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/कस्बों/बस अड्डा/सार्वजनिक स्थानों/प्रमुख चौराहों/प्रमुख बाजारों/मन्दिर/शिवालयों/शापिंग मॉल आदि के आस-पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया जा रहा है तथा उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता कर संदिग्धों की चेकिंग कर आवश्यक हिदायत जा रही है। साथ ही समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष पर बालिकाओं/महिलाओं की गोष्ठी करके उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेलपलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर बिना कारण घूमने वाले लड़कों/शोहदों की चेकिंग की जा रही है तथा शपथ पत्र भरवाये जा रहे हैं।

इसी क्रम में दिनांक 29.08.2023 को थाना मितौली, महिला थाना, थाना भीरा, थाना खीरी, थाना ईसानगर, थाना नीमगांव सहित विभिन्न थानों द्वारा क्षेत्र में महिलाओं/बालिकाओं की गोष्ठी करके उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्गत मिशन शक्ति अभियान से संबंधित आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया तथा साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स एवं जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पम्पलेट भी वितरित किया गया।

**थाना शारदानगर पुलिस द्वारा, जुआं खेलते हुए 11 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें व कुल 1,210 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना शारदानगर पुलिस द्वारा जुआं खेलते हुए 11 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें व कुल 1,210 रुपये नगद बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना शारदानगर पर मु0अ0सं0 226/2023 धारा 13 जुआं अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

**अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 90 लीटर अवैध शराब बरामद कर 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **90 लीटर अवैध कच्ची शराब व 02 शराब भट्ठी** बरामद कर **07 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **07 अभियोग** पंजीकृत किए गए।